# लामडिंग दर्पण

## पूर्वोत्तर सीमा रेल, लामडिंग मंडल



वर्ष 9 | अंक 33 | जनवरी-मार्च 2018

### लामडिंग मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक



श्री आशीष शर्मा

आप 07 मई 2018 को पूर्वोत्तर सीमा रेल के लामडिंग मंडल में नए मंडल रेल प्रबंधक के पद पर कार्यभार ग्रहण किए हैं। इससे पूर्व आप रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (क्रिस) नई दिल्ली में महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे। आप एस.सी.आर.ए. 1984/भारतीय रेल यांत्रिक इंजीनियरी सेवा, 1987 बैच के अधिकारी हैं। आपने ए.एम.आई.ई. (भारत) तथा ई.सी. (लंदन) से शैक्षणिक योग्यता प्राप्त की है। आपने 28 मार्च 1989 से रेल सेवा प्रारंभ की है तथा भारतीय रेल में उत्तर रेल के अम्बाला, लुधियाना, लखनऊ, अमृतसर, उत्तर रेल मुख्यालय, बड़ौदा हाउस तथा पूर्वोत्तर सीमा रेल, मालीगॉव में विभिन्न पदों पर सेवारत रहे हैं।

### लामडिंग मंडल में नई गाड़ियों का शुभारंभ

**अगरतला–बैंगलोर कैंट साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस का शुभारंभ :–** माननीय केंद्रीय रेल राज्य मंत्री, श्री राजेन गोहांई ने 12503/12504 अगरतला–बैंगलोर कैंट साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस को 05 जनवरी 2018 को अगरतला रेलवे स्टेशन से एक समारोह के दौरान हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उद्घाटन समारोह में श्री माणिक दे त्रिपुरा के परिवहन, उर्जा, शहरी विकास और ग्रामीण विकास मंत्री (पंचायत), श्री शंकर प्रसाद दत्त माननीय सांसद(लोकसभा), श्री दिलीप सरकार त्रिपुरा के माननीय विधायक, श्री एन. के. प्रसाद पूर्वोत्तर सीमा रेल/ निर्माण के महाप्रबंधक, श्री चाहते राम पूर्वोत्तर सीमा रेल के महाप्रबंधक, श्री पी. के. जैन मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग, प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष तथा पूर्वोत्तर सीमा रेल मुख्यालय के वरिष्ठ रेलवे अधिकारी और राज्य सरकार के अन्य अधिकारियों के साथ-साथ सैकड़ों उत्सुक दर्शक उपस्थित थे।






अगरतला - बैंगलोर कैंट साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस (12503/12504) को हरी झंडी दिखलाते हुए माननीय रेल राज्य मंत्री भारत सरकार, श्री राजेन गोहांई, त्रिपुरा राज्य के माननीय सांसद, विधायक तथा पूर्वोत्तर सीमा रेल (ओपन लाइन तथा निर्माण संगठन) के महाप्रबंधक और मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग का एक दृश्य।

**उदयपुर–गर्जी सेक्शन में पहली यात्री रेलगाड़ीः–** 05 जनवरी 2018 को उदयपुर में आयोजित समारोह में माननीय केंद्रीय रेल राज्य मंत्री, श्री राजेन गोहांई ने नव-निर्मित अगरतला–उदयपुर–सबरूम नई बी.जी. लाइन में उदयपुर–गर्जी सेक्शन में पहली यात्री रेलगाड़ी को झंडी दिखलाकर रवाना किया। इस अवसर पर त्रिपुरा राज्य के माननीय वन, ग्रामीण विकास और चुनाव मंत्री श्री नरेश चन्द्र जमातिया, माननीय विधायक, श्री माधब चन्द्र साहा और श्री प्रणजीत सिन्हा रॉय, माननीय सांसद (लोकसभा) श्री शंकर प्रसाद दत्त तथा सैकड़ों उत्साही दर्शक उपस्थित थे।





उदयपुर–गर्जी सेक्शन में पहली यात्री रेलगाड़ी को झंडी दिखलाते हुए माननीय केंद्रीय रेल राज्य मंत्री, श्री राजेन गोहांई, त्रिपुरा राज्य के माननीय सांसद (लोकसभा) तथा माननीय मंत्री एवं विधायक और पूर्वोत्तर सीमा रेल के अधिकारियों का एक दृश्य।

## अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड लामडिंग मंडल में

24 एवं 25 जनवरी 2018 को श्री अश्विनी लोहानी, अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, श्री चाहते राम, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल और श्री एस. के. शर्मा, ईडी/पीजी, रेलवे बोर्ड ने लामडिंग मंडल के विभिन्न स्टेशनों तथा कार्यालयों का दौरा किया।

वरिष्ठ सेक्शन इंजी./लोको/लामडिंग के कार्यालय का निरीक्षण कर बाहर आते हुए अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, श्री अश्विनी लोहानी।



मंडल रेल अस्पताल/लामडिंग के निरीक्षण के दौरान मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, श्री अश्विनी लोहानी।





जागीरोड स्टेशन में कॉलोनी निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, श्री अश्विनी लोहानी।



लामडिंग में मीडिया को संबोधित करते हुए अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, श्री अश्विनी लोहानी।



चापरमुख जं. में रेलपथ अनुरक्षकों से वार्तालाप करते हुए अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड।

19 जनवरी 2018 को महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल द्वारा जागीरोड–लामडिंग सेक्शन में ( लामडिंग को छोड़कर) वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक, महोदय ने स्पॉट अवार्ड (व्यक्तिगत और सामुहिक) के अधीन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नकद पुरस्कार प्रदान किया।

## महाप्रबंधक, पू.सी.रेल द्वारा लामडिंग मंडल का वार्षिक निरीक्षण

वार्षिक निरीक्षण के दौरान जागीरोड में मंडल रेल प्रबंधक के साथ श्री चाहते राम, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल।






महाप्रबंधक महोदय द्वारा वृक्षारोपण का एक दृश्य।

चापरमुख जं. के परिसर में निरीक्षण के दौरान अनुदेश देते हुए श्री चाहते राम, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल।






कर्मचारियों को नकद पुरस्कार प्रदान करते हुए श्री चाहते राम, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल।



मीडिया को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल, साथ में मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग।



अधिकारियों को नकद पुरस्कार प्रदान करते हुए श्री चाहते राम, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल।

## 69वां गणतंत्र दिवस समारोह

विवेकानंद रेलवे स्टेडियम, लामडिंग में 69वां गणतंत्र दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। श्री पी.के.जैन, मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग इस समारोह में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने राष्ट्रीय गान और राष्ट्रीय सलामी के साथ राष्ट्रीय तिरंगा फहराया। समारोह में श्री सुरथ जानि, अपर मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग सहित मंडल के सभी अधिकारी, यूनियनों के पदाधिकारी, कर्मचारी और अन्य अतिथि उपस्थित थे। आरपीएफ, आरपीएसएफ, एनसीसी, स्काउट एवं गाइड तथा स्कूल के बच्चे भी कार्यक्रम में शामिल थे।



लामडिंग में 69वें गणतंत्र दिवस के आयोजन का एक दृश्य।



69वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री पी.के.जैन।



गणतंत्र दिवस समारोह में कलाकारों के मध्य मंडल रेल प्रबंधक।

## पूर्वोत्तर सीमा रेल के नए महाप्रबंधक, श्री संजीव रॉय लामडिंग मंडल में...

महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल, श्री संजीव रॉय ने 15 मार्च 2018 को गुवाहाटी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक / लामडिंग भी महाप्रबंधक महोदय के साथ मौजूद थे।

15 मार्च 2018 को गुवाहाटी रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल, श्री संजीव रॉय तथा मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग।



**विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण :–** 27 मार्च 2018 को श्री संजीव रॉय, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल ने न्यू हाफलांग–लामडिंग सेक्शन के स्टेशनों सहित सेक्शन का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय/लामडिंग, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/विशेष/लामडिंग, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर/लामडिंग और मंडल के अन्य अधिकारी निरीक्षण में शामिल थे।

**रेलवे अस्पताल, लामडिंग का निरीक्षण :–** महाप्रबंधक महोदय ने मंडल रेलवे अस्पताल, लामडिंग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल और उद्यान की सामान्य व्यवस्था की सराहना की। अस्पताल के इनडोर का दौरा किया और अस्पताल में भर्ती रेलवे रोगियों के साथ बातचीत की। उन्होंने अस्पताल के नवीकरण कार्य में तेजी लाने की सलाह दी जिसके लिए पहले से ही निर्माण संगठन द्वारा निधि का अंश जारी किया गया है। उन्होंने अस्पताल के उत्कृष्ट रखरखाव के लिए ₹20,000/– रूपए पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया।

**क्रू लॉबी/लामडिंग और रनिंग रूम/लामडिंग का निरीक्षण :–** महाप्रबंधक महोदय ने क्रू लॉबी/लामडिंग और रनिंग रूम/लामडिंग का भी दौरा किया तथा रनिंग रूम/लामडिंग के माहौल की सराहना की और बागवानी के रख–रखाव की भी प्रशंसा की। उन्होंने रनिंग रूम की अच्छी तरह से रखरखाव के लिए ₹10,000/– की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया।

## लामडिंग मंडल में नवागत अधिकारी

| | |
|---|---|
| श्री विनोद कुमार मीणा | : आपने 19 मार्च 2018 को मंडल प्रचालन प्रबंधक/प्रभारी/लामडिंग तथा 26 अप्रैल,2018 को वरिष्ठ मंडल प्रचालन प्रबंधक/लामडिंग के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है। |
| श्री बी.एस. राणा | : आपने 08 मार्च 2018 को मंडल इंजीनियर/।।/लामडिंग के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है। |
| श्री महिपाल | : आपने 19 फरवरी 2018 को सहायक मंडल इंजीनियर/हाफलांग के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है। |
| श्री एम. अगरवाल | : आपने 07 फरवरी 2018 को सहायक सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/अगरतला के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है। |
| डॉ. एम. देवनाथ | : आपने 06 फरवरी 2018 को सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी/बदरपुर के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है। |
| डॉ. टी.के. गोहॉई | : आपने 06 फरवरी 2018 को सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी/लामडिंग के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है। |
| श्री ए. के. त्वाइनवाल | : आपने 31 जनवरी 2018 को सहायक मंडल बिजली इंजीनियर/गुवाहाटी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है। |
| श्री रोहित मीणा | : आपने 26 दिसम्बर 2017 को सहायक मंडल यॉत्रिक इंजीनियर/गुवाहाटी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है। |

लामडिंग मंडल में आप सभी अधिकारियों का हार्दिक स्वागत है।



**शहीद दिवस का पालन :–** 30 जनवरी 2018 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के याद में दो मिनट का मौन रखकर शहीद दिवस का पालन किया गया तथा राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करनेवाले इस महापुरूष को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

## रेलवे संरक्षा आयुक्त,पूर्वोत्तर सर्किल लामडिंग मंडल में

लामडिंग मंडल के शांतिबाजार स्टेशन का निरीक्षण करते हुए रेलवे संरक्षा आयुक्त, पूर्वोत्तर सर्किल।



29 मार्च, 2018 को रेलवे संरक्षा आयुक्त, पूर्वोत्तर सर्किल ने अगरतला - सबरूम परियोजना के गर्जी - शांतिबाजार (नई लाइन) सेक्शन का निरीक्षण किया। मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर / लामडिंग, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी/लामडिंग तथा पूर्वोत्तर सीमा रेल के अन्य अधिकारी रेलवे संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के दौरान उपस्थित थे।

गर्जी-शांतिबाजार सेक्शन के निरीक्षण के दौरान रेलवे संरक्षा आयुक्त के साथ मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग।



## मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग की तिमाही बैठक



मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग की बैठक के आयोजन का एक दृश्य।

13 मार्च 2018 को मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग मुख्यालय की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सितम्बर, 2017 तथा दिसम्बर, 2017 तिमाहियों के दौरान मंडल में किए गए राजभाषा के कार्यों की तुलनात्मक प्रगति पर विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में मंडल के इंजीनियरी तथा सिगनल एवं दूरसंचार विभाग ने भी अपने-अपने कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार से संबंधित कार्यों का प्रेजेन्टेशन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मंडल की हिंदी गृह पत्रिका "लामडिंग दर्पण" के 32वें अंक (अक्टूबर-दिसम्बर, 2017) का विमोचन भी किया गया।

## मंडल की अन्य विविध कार्यकलाप - एक नजर में

**स्पॉट नकद पुरस्कार :-** इस अवधि में कर्मचारियों को स्पॉट नकद पुरस्कार की नीति के तहत मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग, श्री पी. के. जैन ने 02 (दो) कर्मचारियों को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान कर उनके सराहनीय काम के लिए सम्मानित किया।

**हाथी से टक्कर के संबंध में बैठक का आयोजन :-** 11 फरवरी,2018 को मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग ने माननीय वन मंत्री असम, उपायुक्त/होजाई, एसपी/होजाई, कंजरवेटर, डीएफओ, माननीय विधायक/होजाई और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ 10 फरवरी, 2018 को 167/0 कि.मी. पर हुए हाथी के साथ टक्कर के संबंध में एक बैठक आयोजित की, जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग, श्री पी. के. जैन ने 23 और 24 फरवरी, 2018 को गुवाहाटी में आयोजित 'आईपीडब्ल्यूई इंडिया इंटरनेशनल तकनीकी सेमिनार' 2018 में लामडिंग-बदरपुर हिल सेक्शन में 'स्लोप फैल्यूअर एवं रीमेडिज' विषय पर तकनीकी दस्तावेज प्रस्तुत किए।




सेवानिवृत्ति बैठक के आयोजन का एक दृश्य

## कार्मिक कल्याण

जनवरी-मार्च, 2018 के दौरान सेवानिवृत्ति के कुल 126 मामलों का निपटारा किया गया।

अवधि के दौरान अनुकंपा के आधार पर समूह 'घ' में कुल 44 अभ्यर्थियों को रेलवे में नियुक्ति प्रदान की गई।

अवधि के दौरान अनुकंपा के आधार पर समूह 'ग' में कुल 11 अभ्यर्थियों को रेलवे में नियुक्ति प्रदान की गई।

संरक्षक
आशीष शर्मा
मंडल रेल प्रबंधक

मुख्य संपादक
सुरथ जानि
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

संपादन एवं सहयोग
संजय कनौजिया
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय
आर. के. कोईरी
राजभाषा अधिकारी